पत्रांक–1/ब0 ।–07/2026–193/

बिहार सरकार
कला एवं संस्कृति विभाग

प्रेषक,

महमूद आलम,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

सहायक संग्रहालयाध्यक्ष,
बेतिया संग्रहालय बेतिया
(प्रभारी, गाँधी स्मारक संग्रहालय, भितिहरवा)।

पटना दिनांक 06/10/2026

विषयः– वित्तीय वर्ष 2026–27 में स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में निधि का आवंटन।

महाशय,

स्वीकृत्यादेश संख्या 451 दिनांक 25.09.2026 के आलोक में गाँधी स्मारक संग्रहालय, भितिहरवा (पश्चिम चम्पारण) में दिनांक 02 अक्टूबर, 2026 को महात्मा गाँधी जी के जयन्ती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम के आयोजन के निमित्त वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 में मांग संख्या–08 के अधीन स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय बजट शीर्ष '2205– कला एवं संस्कृति–107–संग्रहालय–0001–संग्रहालय', विपत्र कोड 08–2205001070001, के अन्तर्गत विषय शीर्ष 2002–कॉन्फरेंस, कार्यशाला, सेमिनार में तत्काल कुल राशि ₹ 2,00,000/–(दो लाख रूपये) मात्र का आवंटन आपके निस्ताराधीन व्यय के लिए सौंपा जाता है।

2 यह आवंटन वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–2561/वि0 (2) दिनांक 17.04.98 एवं 236/वि0, दि0 09.03.2026 एवं 314/वि0 दिनांक 01.04.2026 के आलोक में वित्त विभाग द्वारा निर्धारित अधिसीमा 65 प्रतिशत के अन्तर्गत दिया जा रहा है।

3 राशि की निकासी सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, बेतिया संग्रहालय बेतिया (प्रभारी, गाँधी स्मारक संग्रहालय, भितिहरवा) द्वारा जिला कोषागार, बेतिया से की जायेगी तथा राशि का व्यय बिहार वित्तीय संशोधन नियमावली 2024, बिहार लोक निर्माण संहिता, बिहार खरीद अधिमानता नीति के संगत प्रावधान के आलोक में की जायेगी।

4 वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प सं0–12888 दि0 03.12.2024 में निहित प्रावधानों के आलोक में राशि की स्वीकृति दी गई है।

5 प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार की अनुमोदन प्राप्त है।

6 उक्त आवंटन की व्यय विवरणी शीघ्र भेजे। ।

विश्वासभाजन,

06/10/26

(महमूद आलम)
सरकार के संयुक्त सचिव।
पटना, दिनांक 06/10/2026

ज्ञापांक 193/

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, बेतिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

06/10/26

सरकार के संयुक्त सचिव।
पटना, दिनांक 06/10/2026

ज्ञापांक 193/

प्रतिलिपि :– सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक, संग्रहालय निदेशालय/मेकर बजट शाखा/आई0 टी0 मैनेजर, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

06/10/26

सरकार के संयुक्त सचिव।